फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट **बनाम** **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री महेन्द्र गोयल पुत्र स्व. श्री सुन्दरसिंह गोयल
जाति गोयल
निवासी नयावास नं. 2 वार्ड नं. 31 सिरोही
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 73 वर्ष 2021

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल मे जारी हुए
09.11.2021	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक अधिकारी उपखण्ड अधिकारी सिरोही को दिनॉक 21.08.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि वार्ड नं. 31 की बी.पी.एल. सूची एवं 35 वार्डो के पार्षदों के शपथ पत्र व आवेदन की प्रति एवं खाद्य सुरक्षा में लोगों को लाभ नगर परिषद द्वारा नहीं मिला उसे दिलाने बाबत् एवं नए परिचय पत्र वार्ड नं. 31 में नहीं मिलते है उन्हें चालू करवाने से संबंधित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी सिरोही को दिनॉक 21.08.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि वार्ड नं. 31 की बी.पी.एल. सूची एवं 35 वार्डो के पार्षदों के शपथ पत्र व आवेदन की प्रति एवं खाद्य सुरक्षा में लोगों को लाभ नगर परिषद द्वारा नहीं मिला उसे दिलाने बाबत् एवं नए परिचय पत्र वार्ड नं. 31 में नहीं मिलते है उन्हें चालू करवाने से संबंधित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी सिरोही को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से क्रम हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2022.01.17 16:37:36 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned with CamScanner